27

उत्तराखण्ड शासन
सचिवालय प्रशासन (अधिष्ठान) अनुभाग-1
संख्या 19 / XXXI(1)/एफ -20 (3)/2009
देहरादून: दिनांक 25 अगस्त, 2009

कार्यालय – ज्ञाप

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तराखण्ड सचिवालय में कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के कार्यों के सम्पादन हेतु कार्यक्रम क्रियान्वयन अनुभाग की स्थापना एवं उसमें निम्नलिखित विवरणानुसार 09 अस्थाई पदों को आदेश जारी होने की तिथि अथवा पद भरे जाने की तिथि जो भी बाद में हो से दिनांक 29-02-2010 तक की अवधि के लिये बशर्ते कि इन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के इसके पूर्व समाप्त न कर दिया जाय, सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

| क्र0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अनुभाग अधिकारी | रू0 9300-34800 ग्रेड वेतन 4800 | 01 |
| 2 | समीक्षा अधिकारी | रू0 9300-34800 ग्रेड वेतन 4200 | 04 |
| 3 | सहा0 समीक्षा अधिकारी | रू0 5200-20200 ग्रेड वेतन 2800 | 02 |
| 4 | कम्प्यूटर आपरटर | रू0 5200-20200 ग्रेड वेतन 1900 | 01 |
| 5 | अनु सेवक | रू0 4440-7440 ग्रेड वेतन 1300 | 01 |

2- कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के कार्यों के सम्पादन हेतु सृजित अनुभाग के लिए उक्त पदों को भरने के लिए नयी भर्ती नहीं की जायेगी बल्कि आन्तरिक व्यवस्था की जायेगी।

3- उक्त पदों के धारकों को उक्त पद के वेतन के अलावा शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत आदेशों के अनुसार अनुमन्य महंगाई तथा अन्य भत्ते आदि भी देय होंगे।

4- उक्त पदों के सृजन के फलस्वरूप तद्‌विषयक संवर्ग में अस्थाई अभिवृद्धि के रूप में माने जायेंगे।

5- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2009-10 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-07 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2052-सचिवालय सामान्य सेवायें-00-आयोजनेत्तर-090-सचिवालय आयोजनेत्तर-03- सचिवालय-00- के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

6- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या 253NP/वि0 अनु0-5/09 दिनांक 21-08-2009 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

एम0 एच0 खान
सचिव

------2-- -पर- -

संख्या 19 /XXXI(1)/एफ –20 (3)/2009 तद् दिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– महालेखाकार, उत्तराखण्ड, ओबेरॉय बिल्डिंग, माजरा देहरादून।
2– समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
3– निजी सचिव, मा० मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड।
4– निजी सचिव/स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
5– वित्त अधिकारी, इरला चैक, उत्तराखण्ड शासन।
6– वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
7– समस्त अनुभाग, उत्तराखण्ड शासन।
8– वित्त अनुभाग–3
9– स्टेशनरी/टेलीफोन अनुभाग।
10– वैभागीय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

(प्रेम सिंह बिष्ट)
अनु सचिव